By email

कार्यालय – प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, भोपाल, (म0प्र0)

//परिपत्र//

कमांक– 3176 /2024 **भोपाल, दिनांक– 04/05/24**

प्रति,

समस्त न्यायालय के पीठासीन अधिकारीगण,
समस्त अनुविभाग प्रभारी अधिकारीगण
जिला न्यायपालिका भोपाल/बैरसिया म.प्र.।

विषयः– ग्रीष्मकालीन अवकाश के संबंध में।

संदर्भः– माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की अधिसूचना क. ए/8775/I-7–3/2022(Part-I) जबलपुर दिनांक 28/12/2023 के पृष्ठांकन क. ए/8776/I-7–3/2022(Part-I) जबलपुर दिनांक 28/12/2023 एवं एवं उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलीपुर के ज्ञापन क. C/2451/III-18-28/57/II जबलपुर दिनांक 17.05.2019 के पालन में

––000––

यथा निर्देश उपरोक्त विषयान्तर्गत स्थापना पर पदस्थ समस्त तृतीय श्रेणी शासकीय सेवकों को सूचित किया जाना है कि जो कर्मचारी ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि दिनांक 03.06.2024 से 28.06.2024 तक मे से एक सप्ताह का ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि का लाभ उठाना चाहते हैं, वे निम्न निर्देशों के अधीन अपने आवेदन प्रस्तुत करें:–

01. पीठासीन/प्रभारी अधिकारी जिस अवधि में ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेंगे, उसी अवधि के अंतर्गत ग्रीष्मकालीन अवकाश स्वीकृत किया जावेगा ।
02. जिस अवधि में प्रभारी/पीठासीन अधिकारी द्वारा ग्रीष्मावकाश लिया गया है, उस अवधि के एक भाग में साक्ष्य लेखक, प्रस्तुतकार, अटैच कर्मचारी एवं दूसरे भाग में स्टेनो, प्रवर्तन लिपिक, आदेशिका लेखक का ग्रीष्मकालीन अवकाश स्वीकृत किया जावेगा, इस अनुसार प्रत्येक अनुभाग/ न्यायालय में पदस्थ कर्मचारीगण का **एकजाई** आवेदन प्रस्तुत किया जावेगा।
03. अनुभाग में पदस्थ कर्मचारीगण आपसी सामंजस्य बैठाकर इस अनुसार अपने आवेदन प्रस्तुत करेंगे कि अनुभाग का कार्य प्रभावित न हो ।
04. आवेदन पीठासीन/प्रभारी अधिकारी से अग्रेषित कराकर ही प्रस्तुत किये जावेंगे
05. ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि के पूर्ववर्ती व पश्चातवर्ती में अन्य कोई अवकाश स्वीकृत नहीं किया जावेगा ।
06. उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र. से प्राप्त निर्देशानुसार संविदा आधार पर कार्यरत् कर्मचारी एवं परिवीक्षाधीन पर नियुक्त कर्मचारी जिनकी 02 वर्ष की सेवा पूर्ण नही हुई है उन्हें छोड़कर शेष कर्मचारीगण एक सप्ताह की अवधि का ग्रीष्मकालीन अवकाश हेतु आवेदन दिनांक 11/05/2024, शाम 5.00 बजे तक ही कार्यालय में प्राप्त किये जावेंगे, उसके पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भोपाल म0प्र0

पृष्ठाकंन क.– 3177 /2024 भोपाल दि. 04/05/24

01– पीठासीन अधिकारी (समस्त न्यायालय भोपाल/बैरसिया)
02– प्रभारी अधिकारी कार्यालय/नजारत/प्रतिलिपि/मालखाना/कम्प्यूटर/ग्रन्थालय/ सांख्यिकी/अभिलेखागार अनुभाग भोपाल/बैरसिया जिला भोपाल म.प्र.।
03– रजिस्ट्रार, सिविल कोर्ट, भोपाल।
04– प्रस्तुतकार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश भोपाल।
05– प्रभारी अधिकारी, कम्प्यूटर अनुभाग, जिला न्यायालय भोपाल की ओर समस्त तृतीय श्रेणी कर्मचारीगण को ई–मेल के माध्यम से तथा कोर्ट की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
भोपाल म0प्र0